प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-

(पत्रांक-313/2024 दिनांक 07.11.2024)

दिनांक-07.11.2024 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-

अन्तर्राज्यीय शराब तस्करी गैंग का पर्दाफाश, एक अदद पीकप वाहन मय 30 पेटी राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब (वाहन सहित कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपये) के साथ 02 शराब तस्करों को किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कसया श्री कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब की बिक्री/निष्कर्षण/परिवहन के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 06.11.2024 को थाना कोतवाली हाटा पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर दो अभियुक्तों 1. पवन कुमार पुत्र स्व0 रामसेवक साकिन रजमऊ थाना वेदपुरा जनपद इटावा, 2. वीरेन्द्र सिंह पुत्र विशुनदयाल सिंह साकिन रजमऊ थाना वेदपुरा जनपद इटावा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अदद टाटा इन्ट्रा वाहन संख्या UP57BT0839 से तस्करी कर ले जायी जा रही 30 पेटी (कुल 1440 टेट्रा पैक) रायल क्लासिक व्हिस्की अंग्रेजी शराब राजस्थान निर्मित प्रत्येक 180 एमएल कुल 259.2 लीटर शराब की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 835/2024 धारा 60/63/72 आबकारी एक्ट व 341(2) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछ-ताछ का विवरण-

अभियुक्तगण द्वारा पूछ-ताछ में बताया गया कि वे लोग आगरा के समीपवर्ती राज्य राजस्थान के भरतपुर जिला से अवैध शराब खरीद कर यू0पी0 के रास्ते बिहार राज्य में शराब बेचने हेतु ले जा रहे थे और बिहार राज्य में अच्छे दर से शराब की बिक्री कर धन अर्जित करते हैं।

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 835/2024 धारा 60/63/72 आबकारी एक्ट व 341(2) बीएनएस थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. पवन कुमार पुत्र स्व0 रामसेवक साकिन रजमऊ थाना वेदपुरा जनपद इटावा
2. वीरेन्द्र सिंह पुत्र विशुनदयाल सिंह साकिन रजमऊ थाना वेदपुरा जनपद इटावा

बरामदगी का विवरण-

1- 30 पेटी (कुल 1440 टेट्रा पैक) रायल क्लासिक व्हिस्की अंग्रेजी शराब राजस्थान निर्मित प्रत्येक 180 एमएल कुल 259.2 लीटर शराब (कीमत लगभग 02 लाख रुपये)

2- एक अदद टाटा इन्ट्रा वाहन संख्या UP57BT0839 (कीमत लगभग 08 लाख रुपये)

बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीम–

1. प्र0नि0 श्री सुशील कुमार शुक्ला थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर
1. व0उ0नि0 मंगेश मिश्रा थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर
2. उ0नि0 अमरनाथ सोनकर थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर
3. उ0नि0 सन्तराज यादव थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर
4. हे0का0 पंकज सिंह थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर
5. का0 नीरज सिंह थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर
6. का0 जितेन्द्र पाल थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर

शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-

जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 62नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

कार्यवाही एक नजर में=

1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान-06 वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-59, व्यक्ति-150
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(02)
4- जनपद में कुल गिरफ्तारी–(कुल-64)

सोशल मीडिया सेल
जनपद कुशीनगर